# राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार के लिये बिहार के दो कैडेट चयनित

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **वर्ष 2019-20** के **राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार** के लिये पूरे देश से चयनित **30 एनएसएस स्वयंसेवकों में दो बिहार के कैडेट** भी शामिल हैं।

## प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार के लिये चयनित इन दो कैडेटों में जयप्रकाश विश्वविद्यालय के जेपीएम कॉलेज की छात्रा **ममता कुमारी** तथा मगध विश्वविद्यालय के गया कॉलेज के छात्र **विशाल राज** शामिल हैं।
- उल्लेखनीय है कि **युवा मामले एवं खेल मंत्रालय** की इकाई **राष्ट्रीय सेवा योजना** द्वारा प्रत्येक वर्ष एनएसएस के अति सक्रिय स्वयंसेवक/स्वयंसेविका, कार्यक्रम पदाधिकारी एवं विश्वविद्यालय कार्यक्रम समन्वयक को **राष्ट्रीय एनएसएस अवॉर्ड** से पुरस्कृत किया जाता है।
- पूरे देश के 30 स्वयंसेवकों, 10 कार्यक्रम पदाधिकारियों एवं 2 कार्यक्रम समन्वयकों को प्रत्येक वर्ष पुरस्कृत किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/two-cadets-from-bihar-selected-for-national-service-scheme-award